कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC) में संघर्ष

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के पूर्वी क्षेत्र में हुई संघर्ष की घटनाएँ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता का विषय बन गई हैं जिससे संबद्ध क्षेत्र में पहले से ही गंभीर **मानवीय स्थिति** और प्रभावित हुई है।

- **उत्तरी किवु प्रांत में गोमा** के समीप **कांगो की सेना** और **रवांडा द्वारा समर्थित M23 समूह** के बीच हुए संघर्ष के कारण कई मौतें हुईं तथा हज़ारों लोग विस्थापित हुए।

परिचय:

- DRC **अफ्रीका का दूसरा** और विश्व का 11वाँ **सबसे बड़ा देश** है।
- इसकी एक छोटी-सी तटरेखा अटलांटिक महासागर के साथ लगती है। DRC के **उत्तर में मध्य अफ्रीकी गणराज्य** और **दक्षिण में सूडान** स्थित है तथा साथ ही इसके **पूर्व में युगांडा, रवांडा, बुरुंडी एवं तंज़ानिया** व **दक्षिण-पूर्व में ज़ाम्बिया** और **दक्षिण पश्चिम में अंगोला** स्थित है।
    - DRC की राजधानी **किंशासा** है जो **कांगो नदी के तट पर स्थित** है। यह अफ्रीका की एकमात्र नदी है जो **दो बार भूमध्य रेखा से होकर गुज़रती है**।
- इसकी आधिकारिक भाषा **फ्रेंच** है किंतु यहाँ अन्य भाषाएँ बोली जाती हैं जिनमें **किटुबा, लिंगाला, स्वाहिली और शिलुबा (Tshiluba)** शामिल हैं।
- **कटंगा पठार** एक समृद्ध खनन क्षेत्र है जिससे कोबाल्ट, ताँबा, टिन, रेडियम, यूरेनियम और हीरे की आपूर्ति की जाती है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/conflict-in-the-democratic-republic-of-congo